



सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 113 | इंदौर, शुक्रवार 07 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे

## पीएम मोदी आज करेंगे स्मरणोत्सव का शुभारंभ

## स्मृति डाक टिकट और सिक्का भी करेंगे जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ करेंगे। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सुबह करीब 9:30 बजे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा देने वाले गीत वंदे मातरम के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।**



**7 नवंबर 2026 तक चलेगा स्मरणोत्सव-** यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से लेकर 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। पूरे देश में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनसहभागिता वाले आयोजन होंगे। मुख्य समारोह के दौरान देशभर के लोग सुबह करीब 9:50 बजे वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत माता की आत्मा की अभिव्यक्ति है।

वर्ष 2025 में वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन लिखा था। बाद में यह उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' के एक अंश के रूप में साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ।

● बिहार विधानसभा चुनाव 2025: सीएम बोले-

## वोटिंग के बीच हरियाणा चुनाव की बात कर जनता को भटका रहे हैं राहुल गांधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जब बिहार में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, तब राहुल गांधी हरियाणा चुनाव की बात कर मतदाताओं में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बिहार के लोग अपने भविष्य का निर्णय करने जा रहे हैं। ऐसे समय में विपक्ष को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए, न कि अनावश्यक मुद्दे उठाकर जनता को गुमराह करना चाहिए। उन्होंने बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि "लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अधिक से अधिक भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग कर विकास की दिशा में अपनी भूमिका निभाएं। डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता विकास चाहती है और उसे विश्वास है कि फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि "पहले भी उन्होंने ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर भ्रम का माहौल बनाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन दावों की पोल खोल दी थी। अब वे फिर से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सफल नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता को सलाह देते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी गरिमा का ध्यान रखना चाहिए और ऐसी बयानबाज़ी से बचना चाहिए जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत हो।





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**मध्यप्रदेश के निमाड़ अंचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बड़वानी के दमदार,शानदार,जानदार व्यक्तित्व के धनी माननीय राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुमेर सिंह सोलंकी जी को भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश महामंत्री पद पर नियुक्त कर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु चुना है। इस अवसर पर शुभकामना प्रेषित हेतु श्री महेंद्र पालीवाल "एमआरपी" प्रबंध संपादक (DGR NewsNetwork) ने उनके गृहनिवास पर जाकर हार्दिक अभिनंदन किया। बधाई दी साथ ही उज्जवल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं व्यक्त की गई।**

स्कूल प्रशासकों, ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ की बैठक

## स्कूल बसों की सुरक्षा पर सख्त हुए पुलिस कमिश्नर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** स्कूल बसों की सुरक्षित संचालन, स्टूडेंट्स व लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्कूल प्रशासकों और स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की।

बैठक में स्टूडेंट्स और लोगों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए रोड पर बसों के सुरक्षित संचालन से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्कूल प्रशासकों और ट्रांसपोर्ट अधिकारियों से कहा कि स्कूल के बच्चों और लोगों की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल प्रबंधन/बस चालकों एवं संचालकों के लिए जारी दिशा-निर्देश का पालन करें और सुरक्षित रूप से बसों का परिचालन करें। उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की घटना/दुर्घटना के बचाव के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस कमिश्नर ने सभी संबंधितों से इन निर्देशों का जिम्मेदारी पूर्वक पालन कर, सहयोग करने के की अपेक्षा की है। बैठक के दौरान बसों के सुरक्षित चलाने के लिए यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा एक चेक



लिस्ट तैयार की गई है, जिसमें स्कूल संचालकों एवं बस के चालक व परिचालकों के लिए कुछ सामान्य निर्देश हैं, वो सभी को दी गई और इन निर्देशों का पालन किया जा रहा है, इसके लिए एक शपथ पत्र भी सभी से लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर स्कूल बसों के सुरक्षित परिचालन के संबंध में जागरूकता व कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों व प्रशासकों ने भी अपनी बात रखी और उक्त निर्देशों के पालन में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

## सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध

● भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर इंदौर नगरीय सीमा में सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच में उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और अन्य गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 1 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा, जिसका प्रयोग आतंक उत्पन्न करने अथवा किसी हिंसात्मक गतिविधियों में किया जा सके। इन्दौर नगरीय पुलिस जिला की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मिडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा,जिससे किसी भी समुदाय को धार्मिक ठेस पहुंचे अथवा समाज में विद्वेष की भावना जागृत हो, यह कृत्य दण्डनीय अपराध है। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति भडकाऊ अथवा अफवाह फैलाने संबंधित कोई पोस्ट नहीं करेगा। यदि कोई ऐसा पोस्ट करता है, तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुये संबंधित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा। किसी भी साइबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त,क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये जिसमें प्रत्येक आगन्तुक/प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके, संचालित नहीं किया जायेगा। यह अभिलेख कम से कम छह माह तक सुरक्षित रखना होगा।

# इको-टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावा, ग्रामीण क्षेत्र में विकसित होंगे पर्यटन विलेज कलेक्टर शिवम वर्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बुधवार को इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। श्री वर्मा खंडवा रोड स्थित बाईग्राम, गाजिन्दा आदि ग्रामों में पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण के ऐसे कार्य किए जाएं, जिनसे भू-जल स्तर में सार्थक सुधार लाया जा सके। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, एसडीएम महू श्री राकेश परमार तथा नागरथ चैरिटेबल ट्रस्ट के श्री सुरेश एमजी आदि मौजूद थे।



कलेक्टर श्री वर्मा ने भूजल स्तर पर सुधार और जल संचयन हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बताया गया कि इस क्षेत्र में सुकड़ी, गंभीर और अजनार नदी पर जल संरक्षण कार्यों के लिये कार्ययोजना बनाई गई है। स्वीकृति के लिये शासन को भेजा गया है। योजना स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ कर दिये जायेंगे। इन कार्यों से जल संरक्षण और भू-जल स्तर सुधार प्रभावी होंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्रामीण अंचल की प्राकृतिक सुंदरता देखकर कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं, जिन्हें विकसित कर इको-टूरिज्म के रूप में बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इंदौर जिले में शीघ्र ही पर्यटन विलेज (Tourism Villages) विकसित किए जाएंगे, जहां पर्यटकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन पर्यटन ग्रामों में पर्यटकों के ठहरने हेतु इको हट्स (Eco Huts) भी निर्मित की जाएंगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में व्यापक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विलेज के संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपी जाएगी, जिससे ग्रामीण महिलाएं रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी।

### एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ीकरण के काम में बाधक मकानों को हटाने की कार्रवाई

# 182 मकानों-दुकानों के हिस्सों को तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ीकरण के काम में बाधक मकानों को हटाने की कार्रवाई गुरुवार को फिर की गई। आज 182 मकानों-दुकानों के हिस्सों को तोड़ा जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने 140 से ज्यादा मकानों पर ये कार्रवाई की थी। रोड के दूसरी तरफ बने मकानों-दुकानों को तोड़ा जा रहा है।**

सुबह से ही बड़ी संख्या में नगर निगम का अमला दलबल के साथ यहां पहुंच गया था। नगर निगम की कार्रवाई के पहले ही रहवासियों ने अपने-अपने मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया था। साथ ही मकानों में रखा सामान भी शिफ्ट कर दिया था। बता दें कि नगर निगम की टीम ने पहले ही नोटिस देकर मकानों पर मार्किंग कर दी थी। जिसके चलते लोगों ने उतने हिस्से को तोड़ने का काम पहले ही शुरू कर दिया था। मालवीय नगर गली नंबर 2 से एलआईजी लिंक रोड तक सड़क चौड़ीकरण का काम किया जाना है। इसकी जद में आने वाले मकानों-दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जा रही है। बाधक मकानों को कुछ महीने पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को नगर निगम के अमले ने 5 जेसीबी और 5 पोकलेन मशीन की मदद से रोड के एक तरफ बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई थी। गुरुवार को दोबारा निगम का अमला 5 जेसीबी और 5 पोकलेन मशीन के साथ मौके पर पहुंचा और आज रोड के दूसरे तरफ के मकानों को तोड़ने की कार्रवाई




शुरू की। ये कार्रवाई शाम तक जारी रहेगी। जिसके बाद मलवा उठाया जाएगा। आज 182 मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं बाधक मकान में रहने वाले 28 परिवारों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत शिफ्ट किया गया है। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ये कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, भवन अधिकारी विनोद अग्रवाल, भवन निरीक्षक सचिन गहलोत, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे, निगम का रिमूवल अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

## डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध

**इन्दौर।** इन्दौर नगर (मेट्रोपॉलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 1 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा।

## बेल्ट से महिला को पीटा

**इंदौर।** घटना जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के मुताबिक दीपिका नामक महिला ने मामले में शुभम बामनिया के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी इलाके में रहने वाला शुभम और उसका भाई संदीप किसी बात पर बहस कर रहे थे। इस पर महिला ने उन्हें कहा कि जो भी बात करना है अपने घर के बाहर करो इसी बात पर से शुभम ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसने बेल्ट निकाला और महिला के साथ बेल्ट से मारपीट कर दी। जिससे महिला को पसली, कमर और दोनों कंधों पर अंदरूनी चोटें आई। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाले युवक पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह ऑनलाइन पैसे लेकर एमडी ड्रग्स सप्लाई करता था और अच्छे कमीशन के बदले यह कारोबार करता था। कुछ दिनों पहले क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को 22 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था। उनसे पूछताछ में यह युवक सामने आया, जिसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह भी पता चला कि वह टीन चादर की दुकान की आड़ में ड्रग्स की सप्लाई करता था। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पहले शहीम पिता सलीम खान और मोहम्मद शारिक पिता मोहम्मद शकील निवासी बेटमा को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से बरामद 22 ग्राम एमडी ड्रग्स की कीमत करीब तीन लाख रुपए थी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह ड्रग्स परवेज खान के माध्यम से मिलती थी। इसके बाद पुलिस ने धार निवासी परवेज खान को गिरफ्तार किया।

# चिंटू चौकसे के खिलाफ कार्रवाई की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी टकराव खुलकर सामने आ गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे की नियुक्ति के बाद से जारी विरोध के बीच अब एक कथित फोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने से विवाद और गहरा गया है। इस ऑडियो में चौकसे और पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा के बीच बातचीत बताई जा रही है, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। इसी मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यादव का कहना है कि यह घटना संगठनात्मक अनुशासन और पार्टी नेतृत्व की गरिमा के खिलाफ है। देवेंद्र सिंह यादव ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी इंदौर दौरे के दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त की उपस्थिति में चिंटू चौकसे ने बैठक में कहा था कि उनकी अनुमति के बिना कोई बड़ा नेता इंदौर नहीं आएगा और न कार्यक्रम करेगा। यादव का कहना है कि यह बयान न केवल वरिष्ठ नेताओं का अपमान है, बल्कि संगठन को क्षति पहुंचाने वाला है।

## आबकारी इंदौर की अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

# घेराबंदी कर 6 पेटी अवैध मदिरा सहित वाहन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में गत बुधवार को वृत्त आंतरिक क्षेत्र-01 के टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा सघन घेराबंदी कर तीन पहिया वाहन (ऑटो) क्रमांक MP09-RA-8722 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर 06 पेटी विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई, जिस पर आरोपी दिलीप पिता उमराव को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मदिरा एवं वाहन को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 40 हजार 828 रूपये आंका गया है। यह कार्रवाई आबकारी विभाग इंदौर के सतत विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत अवैध मदिरा के परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर कड़ा नियंत्रण एवं निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

## विनोद अग्रवाल देश के 71वें सबसे बड़े दानदाता



**इंदौर**। इंदौर के प्रख्यात उद्योगपति और समाजसेवी विनोद अग्रवाल को एडलगिव हुरून इंडिया फाउंडेशन द्वारा जारी देश के शीर्ष दानदाताओं की सूची में 71वां स्थान मिला है। इस सूची में देशभर के 185 प्रमुख परोपकारियों को शामिल किया गया है। यह सूची गुरुवार को जारी की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विनोद अग्रवाल ने समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए करीब 19 करोड़ का योगदान दिया।

## पति के खिलाफ केस लड़ने वाली पहली मुस्लिम महिला की कहानी

# आज रिलीज होगी 'हक', शाहबानो की बेटी की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शाहबानो केस पर आधारित फिल्म 'हक' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने गुरुवार को दिए फैसले में कहा- यह किसी की निजता का हनन नहीं है। इसके साथ ही हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने शाहबानो की बेटी और कानूनी वारिस सिद्दिका बेगम खान की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें फिल्म की रिलीज, प्रदर्शन और प्रमोशन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी।**



याचिका में सिद्दिका बेगम का कहना था कि फिल्म मेकर्स ने शाहबानो पर फिल्म बनाने से पहले उनकी कानूनी वारिस से कोई अनुमति नहीं ली है। फिल्म में शरिया कानून की नकारात्मक छवि दिखाई गई है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो सकती हैं। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर सुपर्ण एस. वर्मा, जंगली पिक्चर्स, बावेजा स्टूडियोज और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के चेयरपर्सन को कानूनी नोटिस भी भेजा था। इससे पहले हाईकोर्ट ने 4 नवंबर को दो घंटे चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि फिल्म 'हक' 7 नवंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म निर्माता जंगली पिक्चर्स के अधिवक्ता ऋतिक गुप्ता और अजय बगड़िया ने कहा- हमने अदालत में दलील दी थी कि फिल्म एक काल्पनिक कथा पर आधारित है। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है। अदालत ने हमारे तर्कों से सहमति जताते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। 4 नवंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सिद्दीका बेगम की ओर से एडवोकेट तौसीफ वारसी, जंगली पिक्चर की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया, इंसोमनिया मीडिया एंड कंटेट सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से हितेश मेहता और मिनिस्ट्री ऑफ ब्रॉडकास्ट की ओर से एडवोकेट रोमेश दवे उपस्थित हुए थे। एडवोकेट तौसीफ वारसी ने तर्क रखते हुए कहा था- फिल्म के टीजर और ट्रेलर में कुछ ईवेंट्स ऐसे दिखाए हैं, जो मेरी मुवक्किल की मां की प्रतिष्ठा, सम्मान को धूमिल करते हैं। इसमें डायलॉग के कुछ वर्जन खराब और आपत्तिजनक हैं। वास्तविक जिंदगी में उनके माता-पिता के बीच ऐसे संवाद कभी नहीं रहे। एक तरफ तो फिल्म के निर्माता कहते हैं कि शाहबानो बेगम ने संघर्ष किया था। खासकर महिला होकर, जबकि उस समय महिला सशक्तिकरण इतना मजबूत नहीं था, जितना आज है। शाहबानो ने पति से अधिकार की लड़ाई लड़ी। धर्म के पहलू का ध्यान रखा और कोर्ट से खुद का अधिकार हासिल किया। दूसरी तरफ फिल्म के डायलॉग परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं, वह भी तब जब शाहबानो इस दुनिया में नहीं हैं। एडवोकेट वारसी ने कहा था कि यह फिल्म शाहबानो के जीवन और 1970 के दशक में महिलाओं के अधिकारों को लेकर चले ऐतिहासिक मुकदमे पर आधारित है, लेकिन इसमें बिना अनुमति और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। शाहबानो की बेटी की याचिका में ये भी कहा गया था कि फिल्म स्वर्गीय शाहबानो बेगम की निजी जीवन को दर्शाती है, जिसमें उनके परिवार से जुड़े कई संवेदनशील घटनाक्रम, पर्सनल एक्सपीरियंस और सामाजिक परिस्थितियां शामिल हैं। वकील ने कहा था कि उनकी मुवक्किल सिद्दिका के पास अपनी मां शाहबानो के जिंदगी के मोरल और लीगल अधिकार सुरक्षित हैं। कोर्ट में जंगली पिक्चर की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागड़िया और इंसोमनिया मीडिया एंड कंटेंट सर्विसेज लिमिटेड की ओर से हितेश मेहता ने तर्क रखे थे कि फिल्म के डायलॉग में कुछ आपत्तिजनक नहीं है। न ही परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने जैसी बात है। ईवेंट्स अच्छे नजरिए और बेहतर तरीके से फिल्माया है।



## दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के 5 बड़े शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में आज से दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह नियम पहले से है, लेकिन अब इसमें सख्ती बरती जाएगी। 4 साल की उम्र से बड़े पिलियन राइडर (दोपहिया वाहन चालक के पीछे बैठने वाले) के हेलमेट न पहनने पर 300 रुपए का चालान बनता है। डीआईजी टीके विद्यार्थी ने कहा- फिलहाल 5 बड़े शहरों में इसे लागू किया गया है। अगले चरण में इसे पूरे प्रदेश में लागू करेंगे। इस अभियान के पहले दिन गुरुवार को भोपाल में ट्रैफिक पुलिस 20 पॉइंट्स पर चालानी कार्रवाई कर रही है। इस दौरान अलग-अलग नजारे सामने आ रहे हैं। कोई कह रहा है कि पुलिसकर्मी सामने से गुजरा, तब चालान क्यों नहीं किया? किसी ने कहा- बच्चो एडमिट है। जल्दी में हेलमेट भूल गया। टीटी नगर में एक शख्स ट्रैफिक पुलिस के हाथ जोड़ते नजर आया। वहीं कुछ बाइक सवार चेकिंग देखकर पहले बाइक घुमाकर भाग निकले। लालघाटी चौराहे पर दोपहिया सवारों और पुलिस कर्मियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: नई यात्राओं का हुआ ऐलान

# 13 नवंबर से 29 मार्च 2026 तक वरिष्ठ नागरिक करेंगे तीर्थ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** संस्कृति, पर्यटन तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के विशेष प्रयास किए जा रहे है। साथ ही प्रदेश में तीर्थाटन की परंपरा को संरक्षित और प्रोत्साहित करते हुए एवं प्रदेश के बुजुर्गों को तीर्थयात्रा का लाभ दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। ''मध्यप्रदेश तीर्थ-दर्शन योजना'' केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज में बुजुर्गों के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का महत्त्वपूर्ण प्रयास है। इसका अगला चरण 13 नवंबर 2025 से प्रारंभ होकर 29 मार्च 2026 तक चलेगा। पहली यात्रा श्री तिरुपति तीर्थ के लिए 13 नवंबर को जबलपुर से रवाना होगी। पांच महीनों में प्रदेश के बुजुर्गों को तिरुपति, रामेश्वरम, कामाख्या, द्वारका, वैष्णोदेवी, जगन्नाथपुरी और अयोध्या में तीर्थ दर्शन कराए जाएंगे।



राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से वरिष्ठ नागरिकों के समूह देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए भेजे जाएंगे धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा संबंधित जिलों के कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। योजना उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए है जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है तथा वे आयकर-दाता नहीं हैं। महिलाओं को आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट दी गई है। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन तहसील, स्थानीय निकाय, जनपद कार्यालय अथवा कलेक्टर द्वारा निर्धारित स्थानों पर जमा कर सकते हैं।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि यात्रियों का अंतिम चयन संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। किसी जिले में निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो यात्रियों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेन में डॉक्टर और सुरक्षाकर्मी भी तैनात किए जायेंगे। उन जिलों में जहाँ ट्रेन का स्टॉपेज या स्टेशन नहीं है वहाँ के यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन तक लाने को व्यवस्था संबंधित जिलों के कलेक्टर्स करेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने सभी यात्रियों से आग्रह किया है कि मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी वस्त्र, कंबल, चादर, तौलिया, साबुन और आवश्यक दवाइयां जैसी व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री अपने साथ रखें।

## यश घनघोरिया एमपी यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** एमपी यूथ कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जबलपुर विधायक और पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया ने एमपी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जीत दर्ज की है। यश को सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले हैं। जबकि भोपाल के अभिषेक परमार 2,38,780 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे हैं। 18 अप्रैल को एमपी में यूथ कांग्रेस के चुनावों की घोषणा के साथ ही सदस्यता शुरू हुई थी। ऑनलाइन मोड पर एप के जरिए कराई गई मेंबरशिप में हर नए सदस्य को 50 रुपए सदस्यता शुल्क भी अदा करना था। 20 जून से 19 जुलाई तक चलाए गए सदस्यता अभियान में 15,37,527 युवाओं ने सदस्यता फॉर्म भरे। इनमें से 63,153 युवाओं ने सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया। सदस्यता शुल्क के साथ 14 लाख 74 हजार 374 युवाओं ने मेंबरशिप के लिए फॉर्म भरे।

### बागेश्वर बाबा बोले-

# मुसलमानों के खिलाफ नहीं है यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। बागेश्वर बाबा ने दिल्ली में गुरुवार को प्रेस वार्ता में बोले कि गांव-गांव गली-गली, नुक्कड़-नुक्कड़ हम जाएंगे और हिंदुओं को जगाएंगे। हिंदुओं को एक करेंगे, जिससे आने वाले समय में अल्फा, बीटा और जेनजी जेनरेशन हैं। ये काष्टबाद के चक्कर में न पड़े राष्ट्रवाद के चक्कर में पड़े।**

भारत हमारा विश्व गुरु बने, इसके लिए पदयात्रा कल सुबह 7 बजे कात्यानी माता मंदिर पर मंचीय कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा के साथ यात्रा प्रारंभ होगी। रोजाना 7 शपथ ली जाएगी, हमारा उद्देश्य हिंदुओं को एक करना है, सनातनियों को एक करना हैं, हिन्दू राष्ट्र बनाना है। हमारी यात्रा मुसलमानों के खिलाफ नहीं हिंदुओं के पक्ष में हैं। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 7 नवंबर से शुरू होगी। यह यात्रा दिल्ली (इंद्रप्रस्थ) से वृंदावन तक निकाली जाएगी। इस पदयात्रा में शामिल होने के लिए अब तक देश-विदेश से लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 15 राज्यों से 30,466 ऑनलाइन और 10 हजार ऑफलाइन पंजीकरण शामिल हैं। बागेश्वर धाम समिति ने ऑनलाइन पंजीकरण के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया था। श्रद्धालु बागेश्वर धाम के यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर उपलब्ध फॉर्म भरकर यात्रा में शामिल हो सकते हैं। सफल पंजीकरण के बाद स्क्रीन पर 'सफल' संदेश आता है, जिसे दिखाकर धाम या दिल्ली कार्यालय से यात्रा कार्ड प्राप्त किया जा सकता है।ऑफलाइन पंजीकरण के लिए दिल्ली, मथुरा और बागेश्वर धाम में केंद्र स्थापित किए गए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया 15 नवंबर तक जारी रहेगी। आयोजकों का अनुमान है कि बिना पंजीकरण के भी 40 से 50 हजार श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हो सकते हैं। यात्रा के प्रारंभिक बिंदु, दिल्ली के कात्यायनी मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां तीन विशाल पंडाल बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक में 20-20 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। बागेश्वर धाम समिति द्वारा 1 लाख लोगों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है।



## लव मैरिज का दर्दनाक अंत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** शहर में एक पति-पत्नी का विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। पहले पत्नी रीना श्रीवास ने पति और ससुरालवालों पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए जहर गटक लिया। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह रीना की मौत हो गई। कुछ ही देर बाद उसके पति आशीष मंडलोई ने भी कीटनाशक पी लिया। लोगों ने उसे सड़क पर बेहोश पड़ा देखा और अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। रीना की शादी करीब 13 वर्ष पहले बड़ाबम निवासी आशीष मंडलोई से लव मैरिज के रूप में हुई थी। उनके एक पुत्र है, जो सेंट पायस स्कूल में पढ़ता है। रीना के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर सालों से प्रताड़ना, भेदभाव और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए। भाई अनिल श्रीवास ने कहा कि "बहन को इतना टॉर्चर किया गया कि उसने मजबूरी में यह कदम उठाया।" वहीं, ससुराल पक्ष ने सभी आरोपों को झूठा बताया। ससुर शिवकुमार मंडलोई ने कहा कि रीना को परिवार में पूरा सम्मान मिला। पति आशीष ने भी कहा, "मैं अपनी पत्नी से बहुत प्रेम करता था, उसे कभी प्रताड़ित नहीं किया।" उसने आरोप लगाया कि मायके पक्ष ने उस पर झूठे आरोप लगाकर मारपीट की, जिसके चलते उसने भी जहर पी लिया। पुलिस ने रीना के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रेग्नेंट गर्लफ्रेंड को किडनैप करने वाले योगी गुर्जर के गैंग से पुलिस की मुठभेड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** डकैत योगी उर्फ योगेंद्र गुर्जर और उसकी गैंग से पुलिस की जंगल में मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ गोलीबारी हुई है। इस बीच गैंग जंगल के रास्ते भाग निकली। देहात थाना प्रभारी बेहट पत्थर लगने से चोटिल हो गए, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया है।

घटना हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के विश्वामित्र पहाड़ी के जंगल की है। पुलिस ने घायल थाना प्रभारी की शिकायत पर गैंग के ऊपर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। डकैत योगी उर्फ योगेंद्र गुर्जर पर पुलिस ने 30 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। जिसकी पुलिस टीम सरगर्मी से जंगल के बीहड़ों में उसकी तलाश में जुट गई है। दरअसल, ग्वालियर देहात बेहट थाना प्रभारी महावीर सिंह गुर्जर को मुखबिर द्वारा देर रात 12 बजे सूचना मिली थी कि विश्वमित्र की खड़िया अटारी जमरोहा के पास इनामी डकैत योगी उर्फ योगेंद्र गुर्जर, कल्ली उर्फ किलेदार गुर्जर, रामब्रज गुर्जर, रवि गुर्जर, खुदा उर्फ जितेंद्र गुर्जर और आसाराम गुर्जर रुके हुए हैं। किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। मुखबिर की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर क्राइम ब्रांच की टीम को इस कार्रवाई में शामिल किया। पुलिस की टीम तीन बजे जंगल में पहुंची। ग्वालियर पुलिस की एक पार्टी सीढ़ियों की तरफ से और दूसरी पार्टी अटारी की तरफ से और तीसरी कटअप पार्टी कोटरा के पास लगाई गई।



# मां ने बेटे की गला घोंटकर हत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी।** सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में एक मानसिक रोगी ने मां ने अपने 8 वर्षीय बेटे की गला घोटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने बेटे का शव बरामद करने के बाद मां को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम कतरी काडी में रहने वाली फूल कुमारी बैगा ने कबूल किया है कि उसने ही अपने 8 वर्षीय बेटे आशिक बैगा की गला दबाकर हत्या कर दी। पड़ोसियों के अनुसार, फूल कुमारी बीते कई सालों से मानसिक रूप से असामान्य बताई जा रही थी। उसकी दो बेटियां और एक बेटा था। 4 अक्टूबर की शाम से ही फूल कुमारी और उसका बेटा लापता थे। 5 अक्टूबर की दोपहर जब गांव के चरवाहे पशुओं को चराते हुए पहाड़ पर पहुंचे, तो वहां बच्चे का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत गांव आकर परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस पहुंची और शव को बरामद कर पंचनामा तैयार किया।

## संपादकीय

# तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लाना चाहिए...

पिछले कुछ सालों में देश-दुनिया के मौसम में बड़े बदलाव का पैटर्न देखने को मिल रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने गुरुवार को कहा कि 2025 रिकॉर्ड में दूसरा या तीसरा सबसे गर्म साल रहने वाला है। साथ ही वर्ष भर असाधारण तापमान का खतरनाक दौर जारी रहा। इसके साथ ही 2015 से 2025 तक के 11 वर्ष, 176 साल के अवलोकन रिकॉर्ड में सबसे गर्म अवधि बन जाएंगे, जिसमें पिछले तीन वर्ष सबसे गर्म साल रहे हैं। डब्ल्यूएमओ की 'वैश्विक जलवायु स्थिति अपडेट 2025' रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2025 तक सतह के निकट का औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.42 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वर्ष 2015 में लगभग 200 देशों द्वारा अपनाये गए पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना और इसे 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास करना है। तापमान वृद्धि पहले ही 1.3 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुकी है और वैश्विक उत्सर्जन में वृद्धि अब भी जारी है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष था और ऐसा पहला साल था जब वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। बर्लिन स्थित जलवायु विज्ञान और नीति संस्थान, 'क्लाइमेट एनालिटिक्स' ने गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि 2030 के दशक की शुरुआत तक दुनिया के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की पूरी आशंका है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 और 2024 में वैश्विक तापमान को बढ़ाने वाली 'अल नीनो' स्थितियों के स्थान पर 2025 में तटस्थ या 'ला नीना' स्थितियां आएंगी। इसमें कहा गया है कि जून 2023 से अगस्त 2025 तक की 26 महीने की अवधि में, फरवरी 2025 को छोड़कर, मासिक रिकॉर्ड तोड़ने वाले तापमान का एक लंबा सिलसिला देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊष्मा-अवरोधक ग्रीनहाउस गैसों और महासागरीय ऊष्मा की सांद्रता, जो 2024 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, 2025 में भी बढ़ती रहेगी। अगस्त 2025 तक मौसम और जलवायु संबंधी चरम घटनाओं, जिनमें विनाशकारी वर्षा और बाढ़ से लेकर भीषण गर्मी और जंगल की आग तक शामिल हैं, का जीवन, आजीविका और खाद्य प्रणालियों पर व्यापक प्रभाव पड़ा। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि इन घटनाओं ने कई क्षेत्रों में विस्थापन को बढ़ावा दिया और सतत विकास और आर्थिक प्रगति को कमजोर किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा, ''प्रत्येक वर्ष 1.5 डिग्री से ऊपर का तापमान अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएगा, असमानताओं को बढ़ाएगा और अत्यधिक क्षति पहुंचाएगा। हमें अभी, बहुत तेजी से और बड़े पैमाने पर, इस अतिवृद्धि को यथासंभव कम, अल्प अवधि के लिए और सुरक्षित बनाने के लिए कार्य करना चाहिए और सदी के अंत से पहले तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लाना चाहिए।'' उन्होंने बेलेम जलवायु शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह बात कही।

## OSHO कहिन

"खुशी कोई मंजिल नहीं है, यह एक चलने का तरीका है।"



## महिला जगत

# जेमिमा रॉड्रिग्स, वह लड़की जिसने भारत को महिला वर्ल्ड कप 2025 का ताज दिलाया




भारत की बेटी ने फिर इतिहास रचा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 127 रनों की नाबाद पारी खेलकर जेमिमा रॉड्रिग्स ने महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में भारत को गौरव दिलाया। जेमिमा का बस एक ही मिशन था, भारत को जिताना। यही था वह जुनून जिसने जेमिमा को एक साधारण मुंबई की लड़की से विश्व चैंपियन बना दिया।

### ● चर्च की गलियों से क्रिकेट के मैदान तक

मुंबई के बांद्रा में जन्मी जेमिमा बचपन से ही स्पोर्ट्स में अव्वल रहीं। उनके पिता जोसे रॉड्रिग्स एक कोच हैं और वही उनके पहले शिक्षक भी थे। घर की छत पर टेनिस बॉल से खेलते-खेलते जेमिमा ने क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। स्कूल के दिनों में वे हॉकी टीम की कप्तान भी रहीं, लेकिन क्रिकेट का जुनून हर खेल से ऊपर था।

जेमिमा रॉड्रिग्स ने 2025 महिला वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाएं। वह भारत को फाइनल में पहुंचाने वाली पारी खेलते हुए वर्ल्ड कप 2025 में भारत की टॉप रन-स्कोरर बनीं। जेमिमा विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) में दिल्ली कैपिटल्स की स्टार प्लेयर हैं। 2022 एशियन गेम्स की गोल्ड मेडल विनिंग टीम की अहम सदस्य रहीं। ICC के अनुसार, 2025 में उन्हें "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" का खिताब मिला। यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, यह उस नई सोच की दस्तक है जो कहती है कि "लड़कियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं।"

### ● जेमिमा का लाइफस्टाइल

जेमिमा की पहचान सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं। वह गिटार बजाती हैं, गाना गाती हैं और सोशल मीडिया पर अपनी रील्स से लाखों फैंस को जोड़ती हैं। फिटनेस को लेकर बेहद अनुशासित, वह सुबह योग और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से दिन की शुरुआत करती हैं। जेमिमा मानती हैं, "हर दिन खुद को कल से बेहतर बनाना ही असली जीत है।"

### ● जेमिमा की कमाई

बात करें जेमिमा रोड्रिग्स की तो रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2025 में उनकी कुल संपत्ति लगभग 10 से 12 करोड़ रुपये आंकी जाती है। उनकी आय के मुख्य स्त्रोत में बीसीसीआई, विमेंस प्रीमियर लीग की फीस, ब्रांड एंडोर्समेंट और विदेशी लीग्स शामिल हैं।

New Delhi

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानों में बढ़ी ठंड, कुछ दिनों में और गिरेगा पारा, अगले 36 घंटे चुनौतीपूर्ण

**दिल्ली/शिमला/जम्मू, (एजेंसी)** उत्तर भारत में सर्दी ने दस्तक दे दी है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद ठंडी हवाओं ने मैदानी क्षेत्रों में भी सिहरन बढ़ा दी है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में सुबह-शाम तापमान में गिरावट के साथ हल्का कोहरा दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी तथा सर्दी का असर तेजी से बढ़ेगा। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और ऊंचाई वाले इलाकों में बृहस्पतिवार को कड़ाके की ठंड दर्ज की गई। लाहौल-स्पीति जिले के ताबो



में न्यूनतम तापमान माइनस 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। केलोंग में माइनस 3.2 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 2.1 डिग्री और किनौर के कल्पा में 0.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कल्पा में सीजन की पहली बर्फबारी हुई, जिससे आस-पास के इलाकों में ठंड बढ़ गई। जम्मू-कश्मीर का गुलमर्ग पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। सोनमर्ग और गुलमर्ग समेत अन्य ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों में अच्छी-खासी बर्फ जमी है। गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से 3.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री कम है। पहलगाम में दिन का पारा सामान्य से तीन डिग्री कम 13 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री कम माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

Noida

## नोएडा में पुलिस चौकी के पास थी न्यूड महिला की सिर कटी लाश



**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा सेक्टर-82 कट पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर नाले में गुरुवार दोपहर अज्ञात महिला का नग्नावस्था में सिर-हाथ कटा शव मिला। पुलिस द्वारा काफी खोजने के बाद भी महिला का सिर और हाथ नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले का पर्दाफाश करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। वहीं, दूसरी ओर कुछ लोग सिर और हाथ कटी लाश को देखकर उसकी बलि देने की भी आशंका जता रहे हैं।

सेक्टर-108 स्थित पार्क लॉरेट सोसाइटी के सामने व्यावसायिक भूखंड है। उस भूखंड के दूसरी ओर सड़क पर एक बाइक सवार व्यक्ति जा रहा था। वह अचानक शौच के लिए रुका। जैसे ही वह नाले के किनारे पहुंचा तो उसने नाले में महिला का शव देखा। उसने इसकी सूचना फौरन ही सेक्टर-82 कट पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पर एडीसीपी सुमित शुक्ला, एसीपी प्रवीण कुमार सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। शव जहां मिला, वहां से 50 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप है।

पुलिस के मुताबिक, महिला का शव नग्नावस्था में था। शव की गर्दन कटी हुई थी। इसके अलावा कलाई से दोनों हाथ कटे थे। सिर और दोनों हाथ बरामद नहीं होने से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महिला के दोनों पैर में बिछिया थे। इससे माना जा रहा है कि महिला शादीशुदा थी। महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

Keral

## सबरीमाला सोना चोरी मामले में SIT का बड़ा एक्शन, पूर्व तिरुवभरणम कमिश्नर बैजू गिरफ्तार

**केरल, (एजेंसी)** सबरीमाला मंदिर से सोने की चोरी की जांच कर रही एसआईटी ने गुरुवार को पूर्व तिरुवभरणम (पवित्र आभूषण) आयुक्त केएस बैजू को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि बैजू जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, जुलाई 2019 में थिरुवाभरणम आयुक्त के पद पर थे, जब द्वारपालक (रक्षक देवता) मूर्तियों के सोने के आवरण को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए हटाकर ले जाया गया था।

सूत्रों के अनुसार, बैजू 19-20 जुलाई को छुट्टी पर थे। इन्हीं दिनों द्वारपालक की मूर्तियों को सबरीमाला से हटाया गया और मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को सौंपा गया था, जिसने इलेक्ट्रोप्लेटिंग कार्य को प्रायोजित किया था।

पुलिस का कहना है कि एसआईटी को शक है कि उन महत्वपूर्ण दिनों में बैजू की अनुपस्थिति साजिश का हिस्सा थी। एसआईटी का कहना है कि प्रक्रिया की निगरानी करने में बैजू की विफलता के कारण कथित तौर पर प्रक्रियागत खामियां हुईं, जिसके परिणामस्वरूप सोना गायब हो गया।

Maharashtra

## रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल के बीच हादसा ट्रेन की टक्कर से 3 यात्रियों की मौत

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में गुरुवार शाम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल के बीच एक हादसा हो गया। स्थानीय ट्रेन सेवाएं ठप होने के कारण चार यात्री ट्रैक पर पैदल आगे बढ़ रहे थे, तभी एक ट्रेन ने उनको टक्कर मार दी. इसमें तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि चौथे की हालत गंभीर बनी हुई है. हादसा सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के पास हुआ.

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार शाम करीब 5.50 बजे से 6.45 बजे तक रेलवे कर्मचारियों ने सीएसएमटी स्टेशन पर काम ठप कर हड़ताल कर दी थी. यह विरोध प्रदर्शन मुम्ब्रा हादसे में दो इंजीनियरों पर दर्ज एफआईआर के खिलाफ किया गया था. रेलवे यूनियनों नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन और सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन ने इस कार्रवाई को अनुचित और मनमाना बताया. कर्मचारियों के विरोध के चलते मुंबई की सबसे व्यस्त लोकल ट्रेन सेवाएं करीब एक घंटे तक बाधित रहीं. बताया जा रहा है कि सेवाएं ठप होने से सीएसएमटी पर हजारों यात्री फंसे रहे. इसलिए कई लोग स्टेशन परिसर में उमड़ पड़े तो कुछ ने ट्रैक के किनारे पैदल आगे बढ़ना शुरू कर दिया. ऐसे में जब यात्री सैंडहर्स्ट रोड के पास रेलवे ट्रैक पर जा रहे थे, जब तेज रफ्तार ट्रेन ने चार यात्रियों को टक्कर मार दी. मौके पर मौजूद अन्य यात्रियों ने तुरंत पुलिस और रेलवे अधिकारियों को सूचना दी. हालांकि अभी यात्रियों के ट्रैक पर चलने की वजह स्पष्ट नहीं है. बताया जा रहा है कि मुम्ब्रा हादसे की जांच रिपोर्ट में पाया गया था कि जिस ट्रैक पर जून में दुर्घटना हुई थी, उसमें चार दिन पहले मरम्मत का काम हुआ था.

खेल

# भारत की ऑस्ट्रेलिया पर टी-20 में दूसरी सबसे बड़ी जीत

**कैरारा, (एजेंसी) भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी20 मैच में 48 रन से हराकर 2-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब दोनों टीमों का सामना आखिरी मुकाबले में आठ नवंबर को होगा, जिसमें जीत हासिल कर भारत 3-1 से अपने नाम करना चाहेगा। बता दें कि, कैरारा में खेले गए चौथे मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 18.2 ओवर में ही 119 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने तीन और अक्षर पटेल व शिवम दुबे को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।**

पांच मैचों की सीरीज के चौथे



मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया अपने घर में टी20 अंतरराष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। वहीं, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक डिफेंड किया। इससे पहले 2020 में भारत ने 162 रनों का लक्ष्य डिफेंड किया था।

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 18.2 ओवर में सिर्फ 119 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन का आंकड़ा छू सके, जबकि मैथ्यू शॉर्ट (25) ने शुरुआत में कुछ आक्रामक शॉट लगाए। अक्षर पटेल ने शॉर्ट को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, फिर जोश इंग्लिस (12) को बोल्ड किया। इसके बाद शिवम दुबे ने मिचेल मार्श और टिम डेविड (14) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया।

ग्लेन मैक्सवेल (2) और जोश फिलिप (10) जल्दी लौट गए। आखिर में वाशिंगटन सुंदर ने कहर बरपाया। उन्होंने लगातार गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (17) और जेवियर बार्टलेट (0) को आउट करने के बाद अगली ओवर में एडम जंपा (0) को भी चलता किया। सुंदर ने मात्र तीन रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल ने 20 रन पर दो विकेट और शिवम दुबे ने भी 20 रन पर दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी एक-एक सफलता मिली।

भारत की ओर से गिल के अलावा कोई और नहीं चला। उन्होंने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा 21 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## मशहूर सिंगर-एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित का निधन, 71 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



बॉलीवुड की पूर्व एक्ट्रेस और गायिका सुलक्षणा पंडित का निधन हो गया है. 71 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई के नानावती अस्पताल में अपनी आखिरी सांस ली. सुलक्षणा एक्ट्रेस विजेता पंडित और म्यूजिक कम्पोजर जोड़ी जतिन-ललित की बहन थीं. सिंगर के भाई ललित पंडित ने उनके निधन की खबर की पुष्टि की है. ललित ने बताया कि बहन सुलक्षणा पंडित का निधन कार्डियक अरेस्ट के चलते 6 नवंबर रात 8 बजे हुआ. उनका अंतिम संस्कार, 7 नवंबर की दोपहर को किया जाएगा. इस खबर के आने के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शोक पसर गया है. सुलक्षणा पंडित ने न सिर्फ फिल्मों में अपनी छाप छोड़ी बल्कि अपनी सिंगिंग के जरिए भी उन्होंने लोगों के दिलों को जीता था. सुलक्षणा पंडित का जन्म 1954 में हुआ था और वे एक संगीत-परिवार से ताल्लुक रखती थीं. उनके चाचा महान शास्त्रीय संगीत गायक पंडित जसराज थे. उनकी तीन बहनें और तीन भाई हैं, जिनमें भाई जतीन-ललित जोड़ी के रूप में प्रसिद्ध संगीतकार बने.

## Highlights

1. Govt announces theme for Republic Day Parade 2026
2. List of Asia's happiest cities in 2025 released, Mumbai ranks on top
3. Police not allowing voters to take boats to booth in Danapur: RJD
4. Delhi records its coldest night of the season so far at 12.7°C
5. Strict action to be taken against attackers of Bihar Dy CM: CEC

# UpGrad said to be in talks to buy Unacademy at a fraction of its last valuation

**NEW DEIHI, (Agency).** UpGrad, promoted by film producer-turned-entrepreneur Ronnie Screwvala, is said to be in talks to acquire rival Unacademy at a fraction of its last-known valuation. The deal would mark be one of the biggest consolidation moves in India's edtech space.

A term-sheet for the UpGrad-Unacademy deal could be signed in three weeks, Moneycontrol reported citing people familiar with the matter. As part of the deal, Unacademy's language-learning app AirLearn would be spun off into a separate entity, while the core test-prep business — including offline centres — will be acquired by UpGrad.

The transaction would peg Unacademy's valuation at $300-400 million (about ₹2,800-3,500 crore), as against its last-known valuation of $3.44 billion (~ ₹30,500 crore) in 2021.



The reported talks of an UpGrad-Unacademy deal comes when India's edtech ecosystem is undergoing yet another round of churn.

After a post-pandemic lull, fundraising activity in India's $7.5-billion edtech market picked up in the first half of 2025 — 11 deals worth $120 million were struck between Janaury and June. That includes funding rounds in Physics Wallah Ltd. ($210 million), Eruditus ($150 million) and Avance Financial Services ($120 million). Physics Wallah, in fact, has an IPO coming up next week at a valuation of $3.2 billion.

Separately, but at the same time, Ranjan Pai's Manipal Education & Medical Group has submitted an expression of interest to acquired Think & Learn Pvt. Ltd. — the bankrupt parent of Byju's, according to an ET report. The most valuable asset here is Byju's stake in Aakash Educational Services where Manipal already has a 58% stake.

The Manipal-Byju's deal as well as the UpGrad-Unacademy deal reflects the final phase of consolidation in India's edtech space, where assets of troubled unicorns are being acquired by financially healthier entities.

To be sure, there's also a marked shift towards a hybrid model for edtech — online as well as offline.

# Jio Platforms IPO valuation seen at a record $170 billion by investment bankers

**NEW DEIHI, (Agency).** Investment bankers are proposing a valuation of as much as $170 billion for Jio Platforms Ltd., according to people familiar with the matter, ahead of what could be a record-breaking initial public offering for Reliance Industries Ltd.'s wireless carrier.

A valuation that size would place Jio among the biggest two or three companies in India by market capitalization, ahead of fellow telecom firm Bharti Airtel Ltd., which is valued at about 12.7 trillion rupees ($143 billion). Reliance Industries, controlled by Mukesh




Ambani, is far ahead at about 20 trillion rupees.

Talks with bankers are ongoing and the proposals for Jio range as wide as $130 billion to $170 billion, the people said, asking not to be identified because the discussions are private.

Ambani, Asia's wealthiest person, said in August the Jio listing could happen in the first half of 2026. It's been years in the making, considering he spoke about a potential IPO as far back as 2019. Meta Platforms Inc. and Alphabet Inc. announced investments totaling more than $10 billion in Jio the following year.

Jio's share sale is set to be Reliance's first public offering of a major business unit since Reliance Petroleum Ltd.'s debut in 2006.

### जिले की राजस्व सीमा में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से किया गया प्रतिबंधित

# भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान खरीदने पर लगाया गया प्रतिबंध

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

इन्दौर जिले में भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं इस सामाजिक बुराई का निवारण अत्यन्त आवश्यक होने से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं इस सामाजिक बुराई के निवारण के लिये प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश से यह अभियान और प्रभावी बनेगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना प्रतिबंधित किया गया है। जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता है तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जायेगी।



यदि कहीं कोई व्यक्ति भिक्षावृत्ति करता पाया जाता है, तो उसकी सूचना कोई भी व्यक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा के मोबाईल नंबर 9691494951 पर दे सकता है, यदि सूचना सत्यापन के दौरान सही पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को एक हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है तथा इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/आयोजक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश 27 दिसम्बर 2025 तक के लिए प्रभावशील रहेगा ।

उल्लेखनीय है कि इंदौर में भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिये प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। जिले में भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के दल गठित किये गये है, जो लगातार भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए प्रयास कर रहे हैं। भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान में अब तक प्रभावी कार्रवाई करते हुए भिक्षावृत्ति में लिप्त लगभग 1053 वयस्क व्यक्तियों को रेसक्यू कर सेवाधाम आश्रम भेजा गया तथा लगभग 45 बच्चों को बाल देखरेख संस्थान भेजा गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक